nandgaon times sep--25-3.qxd 9/24/2024 11:56 PM Page 1

विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559

बुधवार, 25 सितंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 341, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## पीएम मोदी का अमेरिका प्रवास, सीएम साय ने कहा- क्वाड शिखर सम्मेलन में भारत का नाम विश्व पटल पर हुआ रोशन



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका के सफ्लतम प्रवास पर सीएम विष्णु देव साय ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा कि पीएम मोदी च्क्वाडज् के छठवें शिखर सम्मेलन में कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने भारत का सशक्त प्रतिनिधित्व कर देश का नाम विश्व पटल पर और अधिक रोशन किया है। सीएम साय ने लिखा है कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अमेरिका के सफ्लतम प्रवास से वापस लौटने पर हार्दिक अभिनंदन। पीएम मोदी क्वाड के छठवें शिखर सम्मेलन में कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने भारत का सशक्त प्रतिनिधित्व कर देश का नाम विश्व पटल पर और अधिक रोशन किया है। जैसा कि पीएम मोदी ने कहा, यह बैठक ऐसे समय हो रही थी, जब दुनिया तनाव और संघर्षों से घिरी हुई है। ऐसे में साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर क्वाड का मिलकर साथ चलना, मानवता के लिए बेहद जरूरी है। पीएम मोदी की ओर से इस महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन में हिन्द-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा, शांति, समृद्धि, उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई। यह प्रधानमंत्री के ओजस्वी नेतृत्व और कुशल विदेश नीति का ही परिणाम है कि अमेरिका ने भारत से तस्करी किए गए लगभग 300 पुरावशेषों के वापसी को स्वीकृति दी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व कौशल पर हम सभी देशवासियों को गर्व है। समस्त छत्तीसगढ़वासियों की तरफ से यशस्वी प्रधानमंत्री का पुन: अभिनंदन! स्वागत!

## सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी, मुठभेड़ में 2 नक्सलियों को किया ढेर, सामग्री जब्त

**सुकमा।** जिले के थाना चिंतलनार क्षेत्रान्तर्गत करकनगुड़ा के जंगल-पहाड़ी में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें डीआरजी, सीआरपीएफ व कोबरा के जवानों ने नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 2 नक्सलियों को मार गिराया।



करकनगुड़ा के जंगलों में नक्सलियों की बटालियन सप्लाई टीम और जगरगुंडा एरिया कमेटी की 30-40 नक्सलियो की उपस्थित सूचना सुरक्षा बलों को मिली थी। इस पर जिला बल, डीआरजी, बस्तर फाइटर और 206 वाहिनी कोबरा की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इलाके में घेराबंदी की गई। इस दौरान नक्सलियों की तरफसे गोलीबारी शुरू हो गई। इधर सुरक्षाबलों की टीम ने भी जवाबी फायरिंग करते हुए नक्सलियों को जवाब दिया। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को सफ्लता हासिल हुई और 2 नक्सलियों को ढेर कर दिया। मुठभेड़ के बाद घटना स्थल की सर्चिंग करने पर सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में नक्सलियों की डंप सामाग्रियों को बरामद किया है।

## आकाशीय बिजली गिरने के कारण चार बच्चों की मृत्यु हो जाने पर उनके परिजनों को शासन की छात्र दुर्घटना बीमा योजना के तहत शिक्षा विभाग द्वारा 1-1 लाख रूपए का चेक प्रदान किया गया



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विकासखंड राजनांदगांव के ग्राम जोरातराई में आकाशीय बिजली गिरने के कारण चार बच्चों की मृत्यु हो जाने पर उनके परिजनों को शासन की छात्र दुर्घटना बीमा योजना के तहत शिक्षा विभाग द्वारा 1-1 लाख रूपए का चेक प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला स्टेशन मुढ़ीपार में तिमाही परीक्षा समाप्ति के बाद कुछ बच्चे अपने निवास स्थान की ओर निकले और कुछ समय पश्चात अत्यधिक बारिश होने के कारण स्टेशन मुढ़ीपार एवं जोरातराई के मध्य एक खंडहर में बारिश से बचने के लिए रूके। उसी समय आकाशीय बिजली गिरने से चार छात्रों की मृत्यु हो गई। चारों छात्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला स्टेशन मुढ़ीपार के कक्षा 11वीं के छात्र थे। जिसमें शरद एवं रवि ग्राम मनगटा तथा नितिन धनकर एवं शशिकांत साहू ग्राम जोरातराई के निवासी थे।

## मोदी-योगी, मोहन भागवत मुझे दबाने देश-विदेश में आतंकी को शंकराचार्य बनाकर घुमा रहे - निश्चलानंद सरस्वती

धीरज तिवारी

**रायपुर।** मोदी जी, योगी जी, हेमंत बिश्वा सरमा, मोहन भागवत मुझे दबाने के लिए देश-विदेश में आतंकवादी को शंकराचार्य बनाकर घुमा रहे हैं. इनको कौन दंड दे. दरोगा के शह पर चोर बढ़े, तो कौन रोकेगा. इनके भी दंडित होने का मार्ग प्रशस्त होना चाहिए. मुझे एक लाख इंद्र भी दबोचना चाहे दबोच नहीं सकते हैं. इन्हें शंकराचार्य वह चाहिए, जो यस मैन हो. यह संभव नहीं है. इसे भी पढ़ें : 10वीं-12वीं के बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ : पुनर्मूल्यांकन के रिजल्ट पर उठ रहे सवाल, माशिमं ने 100 से ज्यादा शिक्षकों पर कार्रवाई के लिए भेजा प्रस्ताव यह बात राजधानी में रावाभाटा स्थित शंकराचार्य आश्रम में शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने पत्रकारों से उदाहरण स्वरूप कही, जिसमें उनसे प्रदेश में बढ़ते अपराध को लेकर सवाल किया गया था. उन्होंने कहा कि अपराधियों को सत्ता और विपक्ष संरक्षण देना



बंद कर दे तो अपराध होना स्वयं कम हो जाएगा. उन्होंने कहा कि देश में चुनाव की प्रक्रिया के आधार पर दुष्कर्म जैसे अपराध को रोकना मुश्किल है. कोई भी व्यक्ति विधायक सांसद तब बन पता है. जब अराजक तत्वों का गठबंधन हो. इसके साथ ही उन्होंने दुष्कर्म के आरोपियों को सजा देने सवाल पर कहा कि ऐसे लोगों को दुर्योधन और दु:शासन की तरह सजा मिलने की बात कही. तिरुपति लड्डू विवाद पर शंकराचार्च ने कहा कि सत्ता लोलुपता की वजह से ऐसी स्थिति पैदा हुई है. अराजक तत्वों का सभी क्षेत्रों में प्रवेश हो चुका है. धार्मिक क्षेत्रों में भी उनका प्रवेश हो चुका है. यह हिंदू धर्म को विलुप्त करने की कोशिश है. अपवित्र सामान का मिलावट हो रहा है. आध्यात्मिक और धार्मिक स्थल को शासन तंत्र ने अपने हाथ में ले लिया है, जिसके चलते इनकी दिशाहीन हो गई है. देवी-देवताओं के मंदिर में उलंघन हो रहा है. दिशाहीन व्यापारियों का धार्मिक स्थल में प्रवेश हो चुका है. कथावाचक प्रदीप मिश्रा का दुष्कर्मियों को जला देने वाले बयान पर स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि हाथी से हल नहीं जुतवाया जाता है. मेरे से उस पर मत कहवाइए. शंकराचार्य किसी कथावाचक पर बोले ये ठीक नहीं लगता है. जो कथा करवा रहे हैं, उन्हें विचार करना चाहिए।

## बच्चो के सामूहिक अंतिम संस्कार में उमड़ा जन सैलाब



### हजारों ग्रामीणों के साथ अभिषेक सिंह अंतिम संस्कार में शामिल हुए

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मुड़ीपार स्थित जोरातराई में बिजली गिरने की दर्दनाक घटना से 8 मृतकों में पांच नन्हे बच्चों का अंतिम संस्कार मनघटा,जोरा तराई एवं कोपेडीह में किया गया, जिन्हे हजारों ग्रामीणों के साथ पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने नम आंखों से विदाई दी। विदित हो कि कल ही आकाशीय बिजली गिरने से पांच बच्चे एवं तीन युवको की आकस्मिक दुखद मौत हो गई थी। घटना का तुरंत ही संज्ञान लेते हुए विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को अलर्ट मोड पर सक्रिय किया,जिसके कारण त्वरित सहायता के लिए प्रशासन गांव पहुंचा। आज मनघटा स्थित मुक्तिधाम में हजारों की संख्या में ग्रामीण जनों के साथ पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर, किसान मोर्चा से कोमल सिंह राजपूत सहित भाजपा के जनप्रतिनिधि पहुंचे और नाम आंखों से मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर पहुंचे पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने बताया कि इस दुखदाई घटना से वे आहत एवं स्तब्ध है ,उन्होंने भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवम विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने घटना का तुरंत संज्ञान लिया और तुरंत ही सभी मृतकों को मुआवजा राशि चार लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

**परिजनों को ढाढस बंधाया और चार लाख रुपए का चेक प्रदान किया**

आज प्रात: 11 बजे ही अभिषेक सिंह मनघटा स्थित मुक्तिधाम पहुंच चुके थे, उन्होंने 3 घंटे तक मुक्तिधाम में रह कर अंतिम संस्कार की क्रिया में भाग लिया, और गमगीन परिवारों के परिजनों को ढाढस बांधते हुए कहा की यह



राजनांदगांव एवं छत्तीसगढ़ के लिए अपूरणीय छती है, इसकी कमी पूरी नहीं की जा सकती, परंतु शासन ने मुआवजा के लिए तुरंत ही चार लाख रूपए की घोषणा की जिसका चेक अभिषेक सिंह ने मृतकों के परिजनों को सोपा। इस अवसर पर उन्होंने सभी लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि तेज बारिश एवं बिजली चमकते समय कोई भी बड़े पेड़ के नीचे न खड़े हो, उन्होंने कहा कि जो घटना घटित हुई उसे बचा नहीं जा सकता,परंतु भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति ना हो इसलिए जागरुकता जरूरी है। अभिषेक सिंह ने सभी मृतकों के परिजनों से भेंट कर दुखद क्षणों में शोक सांत्वना प्रकट करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि उनके परिवार जनों को इस दुख की घड़ी में शांति प्रदान हो।

## अंतत: मधु के दखल से मोखली-कोटरासरार ब्रिज का सर्विस रोड बनायेगा पी.डब्ल्यू.डी.



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विकासखण्ड डोंगरगांव के ग्राम मोखली में शिवनाथ नदी पर निर्मित उच्च स्तरीय ब्रिज के दोनों ओर स्थित सर्विस रोड के पुनर्निर्माण की स्वीकृति अतत: पूर्व सांसद मधुसूदन के हस्तक्षेप एवं विभागीय अधिकारियों से चर्चा उपरान्त प्राप्त कर ली गई है। अब ग्राम मोखली कोटरासरार ब्रिज के क्षतिग्रस्त सर्विस रोड का पुनर्निर्माण का कार्य लोक निर्माण विभाग करेगा। ज्ञातव्य है कि उक्त ब्रिज का निर्माण ब्रिज निर्माण एजेन्सी द्वारा किया गया था, जिसके दोनो ओर स्थित सर्विस रोड बाढ़ एवं भारी वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थी और जिसके पुनर्निर्माण में दुविधा की स्थिति उत्पन्न होने से ग्रामवासियों को आवागमन में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। ब्रिज निर्माण एजेन्सी सर्विस रोड के निर्माण का जिम्मा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग का होना बता रही थी, जबकि पी.एम.जी.एस.वाई. विभाग द्वारा ब्रिज की सर्विस रोड निर्माण का जिम्मा ब्रिज कार्पोरेशन का होना बताया जा रहा था, और दोनो विभागों के कार्यालयों के चक्कर काटकर स्थानीय ग्रामीण हैरान परेशान हो रहे थे। अतत: ग्रामवासियों ने अपने संकटमोचन नेता मधु के पास पहुँचकर अपनी समस्या से अवगत कराते हुए मदद की गुहार लगाई। पूर्व सांसद ने दोनों विभाग के अधिकारियों से समस्या के विषय में त्वरित विमर्श कर उनकी व्यवहारिक दिक्कतों को जाना समझा। इसके उपरांत प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने इस विषय में कलेक्टर राजनांदगॉव से चर्चा करके लोक निर्माण विभाग को उक्त सर्विस रोड बनाने के लिये सहमत किया और वर्तमान स्थिति में लोक निर्माण विभाग द्वारा उक्त सर्विस रोड निर्माण की तैयारी की जा रही है। इसी प्रकार ग्राम मोखली से संबंधित एक अन्य प्रकरण में पूर्व सांसद को ग्राम मोखली में लगे 100 के.वी. के पुराने ट्रांसफार्मर के लंबे समय से खराब होने की खबर प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से ज्ञात होने पर उन्होंने इस प्रकरण में स्वस्फूर्त संज्ञान लेकर निराकरण हेतु प्रयास किया।

## 24 वे राज्य स्तरीय शालेय खो- खो के लिए मातेखेड़ा के छह खिलाड़ी चयनित

**शिक्षक का मार्गदर्शन एवं छात्रों का मेहनत रंग लाया**

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** 24 वें राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता महासमुंद में होना है जिसके लिए मातेखेड़ा मिडिल स्कूल से कु. मोनिका नेताम पिता सुरेश नेताम, कु. साक्षी लाउत्रे पिता सुनील लाउत्रे, कु. पल्लवी पटेल पिता ईराम पटेल, इशांत कुमार पिता आत्माराम, लोकेंद्र पिता नरेंद्र कुमार, नरोत्तम पिता कुमार का चयन हुआ है जोकि महासमुंद में दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहां अच्छे खिलाड़ियों का चयन नेशनल के लिए होना है ये सभी खिलाड़ी मिडिल स्कूल मातेखेड़ा के हैं इस शानदार उपलब्धि के लिए संस्था के प्रधानपाठक शेरसिंह परतेती शिक्षकगण जसवंत साहू,रूपचंद हमराज, खिलाड़ियों के कोच एवं राष्ट्रीय रेफरी भारत लाल कोटेलकर, गांव के गणमान्य नागरिक युवराज साहू, संतोष यादव, डेलू सेन एवं सुनील लाउत्रे ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए रवाना किए हैं। ये सभी खिलाड़ी भारत खो-खो क्लब मातेखेड़ा के खिलाड़ी हैं इसके पहले इसी क्लब से सात खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय खो- खो में चयन हुआ था। जोकि रायगढ़ में खेले थे जिनका संचालन भारत कोटेलकर द्वारा किया जाता है जोकि शाम- सुबह अपने घर से 12 किलोमीटर शाला ग्राम में आकर प्रैक्टिस कराते हैं साथ ही इनके द्वारा प्रयास आवासीय विद्यालय का भी कोचिंग निशुल्क करते हैं विगत 5 साल में इस स्कूल से 16 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन हुआ है। इन खिलाड़ियों के चयन होने से ग्राम एवं अंचल में हर्ष का माहौल है।





## बिजली गिरने से मृतक परिवार को 10-10 लाख एवं घायल को 50 हजार की मुआवजा राशि देने की मांग : वैष्णव



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला राजनांदगांव विकासखंड राजनांदगांव के अंतर्गत जोरातराई, मनगटा, मुढ़ीपार के आसपास के स्कूली बच्चों सहित अन्य व्यक्ति के ऊपर आकासीय बिजली गिरने से 8 लोग की दर्दनाक मौत हो गई एवं एक अन्य घायल हुआ है। मृतक को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पीड़ित परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। छत्तीसगढ़ मुक्तिमोर्चा के उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि आकासीय बिजली गिरने से मृतक के आश्रित परिवार को 10-10 लाख रुपए की मुआवजा राशि एवं घायल को 50 हजार रुपए तथा समुचित इलाज करने की मांग की।

## लखोली में नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण नवम्बर में



**राजनांदगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार गायत्री तीर्थ शांति कुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में ग्राम लखोली में श्रीराम प्रज्ञा मंडल गायत्री परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में चार दिवसीय नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन 29 नवम्बर 2024 से 02 दिसम्बर 2024 तक किया जावेगा। इस आयोजन हेतु लखोली में एक संगोष्ठी बैठक रखी गई । बैठक का संचालन गायत्री प्रज्ञा पीठ भेड़ीकला के परदेशी राम साहू प्रधानपाठक ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से काशी राम चंद्राकर ,सोनू राम साहू, प्रवीण साहू, पंचराम साहू, शत्रुहन साहू, छबिलाल साहू, कालू राम साहू, केशव राम, रामचरण , खेमचंद हीरालाल, अंजनी, सविता सूरजा ,अश्वनी, भजन दास, ढाल सिंह साहू, केसीजी जिला समन्वयक प्रभात कुमार साहू, गायत्री शक्ति पीठ से मुरलीधर चौधरी, सालिक राम साहू, भरत देवांगन, भुराज देवांगन बरातू देवांगन, गौकरण वासु आदि उपस्थित थे। प्रथम चरण में घर घर जाकर अन्न घट व कलश स्थापना की जा रही है।

## शिक्षा के क्षेत्र में एक और नवाचार करता हुआ शासकीय प्राथमिक शाला नाथू नवागांव

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय प्राथमिक शाला नाथू नवागांव विकासखंड डोंगरगांव में शिक्षा के क्षेत्र में एक और नवाचार किया है। जिसके अंतर्गत बच्चों के शब्द भंडार के वृद्धि के लिए डेली डिक्शनरी नवाचार के रूप में समाज सेविका श्वेता श्रीवास्तव राजनांदगांव द्वारा डायरी प्रदान की गई! इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक डोमन लाल सिन्हा,सहायक शिक्षक नरेंद्र कुमार साहू,सहायक शिक्षक वीणा सोनी उपस्थित थे कार्यक्रम में शाला के प्रधान पाठक द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

**शुभांक**

**4-9-0**

**459-8 200-2**

**भाग्यांक**

**140-5 458-7**


### कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड, राजनांदगांव (छ.ग.)

Email- eeraj-phe-cg.gov.in

नि.सू.क्रमांक 05/निविदा सेल/का.अ./लो.स्वा.यां.खण्ड/2024 राजनांदगांव दिनांक 20.09.2024

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत मानव संसाधन प्रदाय करने वाली संस्था/फर्म का प्रकार (पंजीकृत संस्थान, एकल स्वामित्व) से क्वांर नवरात्रि मेला डोंगरगढ़ हेतु जिला राजनांदगांव के विभिन्न ग्रामों में पेयजल व्यवस्था हेतु कलेक्टर दर में मजदुरों की आवश्यकता है जिसकी निविदाएं समूहवार प्रपत्र ए जिसकी अनुमानित लागत क्रमशः रू. 3.52 लाख एवं रू. 2.29 लाख में आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिये खण्ड कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 30.09.2024 है। उपरोक्त निविदा की अन्य शर्तें, विस्तृत विवरण व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में दिनांक 30.09.2024 के पूर्व कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड
राजनांदगांव (छ.ग.)

जी- 02759/3



### छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय अधीक्षण अभियंता शिवनाथ मण्डल, दुर्ग (छ.ग.)

ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal:https://Eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र.158763/ निविदा सूचना क्रं.15/व.ले.लि./2024-25
कवर्धा, दिनांक 23.09.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 14.10.2024, 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नामः-** कबीरधाम जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत घोटा जलाशय योजना के शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार, हेड स्लूस का पुर्ननिर्माण, वेस्ट वियर का मरम्मत, मुख्य एवं माईनर नहरों का रिमाडलिंग एवं सी.सी. लाईनिंग, 03 नग व्ही.आर.बी. निर्माण सहित कुलाबा पाईप फिक्सिंग का कार्य।

**अनुमानित लागतः-** रू. 116.02 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 30.09.2024 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोटः- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://Eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग कवर्धा कबीरधाम (छ.ग.)
कृते-अधीक्षण अभियंता, शिवनाथ मंडल दुर्ग (छ.ग.)

जी-02749/9


# कलेक्टर को जनदर्शन में नागरिकों ने बताई अपनी समस्याएं

## जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के दिए निर्देश



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम केसला निवासी श्री भीखमदास ने बारिश के कारण मकान क्षति होने पर क्षतिपूर्ति की राशि दिलाने के लिए आवेदन किया। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोहारा निवासी श्रीमती कविता निषाद ने नये राशन कार्ड बनाने, डोंगरगढ़ निवासी श्री रामआसरा ने नक्शा बंटाकन के लिए, राजनांदगांव निवासी श्रीमती खेमीन यादव ने पट्टा प्रदाय करने के लिए आवेदन किया। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम हरदी निवासी श्री अगुनु राम निर्मलकर ने किसान सम्मान निधि योजना से लाभ दिलाने के लिए आवेदन किया। इसी तरह जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, नक्शा बटांकन, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, नजूल भूमि का पट्टा बनाने, राशन कार्ड बनवाने, विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



# पांच सालों से रूकें जिला के तीन ग्राम पंचायतों का अब होगा चुनाव

### पांच साल बाद यथावत चुनाव होना विधायक दलेश्वर साहु की हार और हीरापुर के ग्रामीणों की जीत है - हेमलाल वर्मा



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** पांच सालों से रूकें जिला के तीन ग्राम पंचायतों में अब चुनाव होगा। मक्काटोला के प्रधान हेमलाल वर्मा ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहु के दबाव पूर्वक निर्देश पर सन् 2019-20 के पंचायत परिसीमन में प्रशासन द्वारा हमारे गांव हीरापुर का गलत एवं नियम विरुद्ध परिसीमन किया गया, जिसमें हीरापुर को मक्काटोला से हटाकर नया पंचायत गोविंदपुर में जोड़ दिया गया था , हीरापुर से गोविंदपुर जाने के लिए सीधा रास्ता नहीं होने एवं नियम विरुद्ध बिना जानकारी के परीसिमन करने के विरुद्ध में गांव वालों के साथ प्रधान हेमलाल वर्मा ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में पीटिशन दायर किया था। ग्रामीणों सहित श्री वर्मा ने लगातार हाईकोर्ट में तीन केस जीतें है, फैसला हर बार ग्रामीणों के पक्ष में आया और पंचायत परिसीमन को ग़लत ठहराते हुए हाईकोर्ट ने पूर्व की स्थिति में पंचायत चुनाव कराने का निर्देश शासन को दिया था। लेकिन हर बार शासन प्रशासन कोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील करता चला गया , जिसके कारण पांच साल बीत गया और इन पांच सालों में इन तीन पंचायतों का चुनाव स्थगित रहा जिसमें मक्काटोला, मोतीपुर एवं खुबाटोला पंचायत शामिल हैं। चुनाव स्थगित होने की स्थिति में 30 अप्रैल 2020 को राज्य शासन पंचायत विभाग ने आदेश जारी करके पंचायत चुनाव नहीं होने तक पंचायत के वर्तमान सरपंच को प्रधान और पंचों को समिति के सदस्य बनाने का आदेश जारी किया , जिसमें त्रिस्तरीय पंचायत के सभी शक्तियों का प्रयोग करने आदेश जारी किया ,तब से अभी तक वैसे ही यह तीनों ग्राम पंचायत संचालित हो रहा है। अब अंततः शासन प्रशासन ने अपनी ग़लती मानते हुए पूर्व की स्थिति में प्रभावित तीन ग्राम पंचायतों का परीसिमन पूर्व की भांति रखते हुए चुनाव कराने निर्देश किए हैं , जिसमें मक्काटोला आश्रित ग्राम हीरापुर, मोतीपुर आश्रित ग्राम गोविंदपुर एवं खुबाटोला आश्रित ग्राम बरमपुर शामिल हैं। प्रधान हेमलाल वर्मा ने कहा कि हमारा विरोध किसी गांव के खिलाफ नहीं था ,हमारा विरोध नियम विरुद्ध परीसिमन के खिलाफ था एवं ग्राम हीरापुर के ग्रामीणों को नया पंचायत गोविंदपुर जाने के लिए सीधा रास्ता नहीं होने के खिलाफ था और पंचायत परीसिमन करते समय प्रभावित गांवों के किसी भी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों,ग्रामीणों को जानकारी नहीं देने के खिलाफ था। पद ,पैसा , सत्ता,शासन का ग़लत ढंग से उपयोग हमारे विधायक महोदय ने किया था और उनके उस गलत फैसले को पहले हाईकोर्ट और फिर अभी शासन प्रशासन ने भी ग़लत ठहरा ही दिया , आखिरकार सत्य की जीत हुई और असत्य की हार। प्रधान हेमलाल वर्मा ने हीरापुर के ग्रामीणों एवं इनसे प्रभावित सभी गांवों के ग्रामीणों को बधाई देते हुए ,सभी डोंगरगढ़ के प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया, भाजपा के पदाधिकारी, हाईकोर्ट के महाअधिवक्ता पराग कोटेजा के साथ साथ सभी प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों का आभार व्यक्त किया।

## परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जायेगी अग्रसेन जयंती

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अग्र कुल संस्थापक भगवान श्री अग्रसेन जी की जयंती प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ समारोह पूर्वक मनाने स्थानीय अग्रवाल समाज द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। उल्लेखनीय है कि श्री अग्रसेन जी की जयंती प्रतिवर्ष आश्विन (क्वांर) शुक्ल एकम् को मनाई जाती है। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल एवं सचिव आलोक बिंदल ने बताया कि आगामी 3 अक्टूबर 2024 गुरुवार को भगवान श्री अग्रसेन जी की 5148 वीं जयंती का मुख्य समारोह अग्रसेन भवन में दोपहर 03.00 बजे होगा। जिसके मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी श्री नेतराम जी अग्रवाल भिलाई होंगे। समारोह की अध्यक्षता युवा उद्यमी एवं समाजसेवी श्री सुनील शंकरलाल अग्रवाल कामठी (महाराष्ट्र )करेंगे। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान, विवाह की स्वर्ण जयंती मनाने वाली दंपत्तियों का सम्मान तथा समाज के मेधावी विद्यार्थियों का स्वर्ण एवं रजत पदक द्वारा सम्मान किया जाएगा। साथ ही नारी गरिमा एवं अस्मिता की अनुकरणीय मिसाल स्थापित करने वाली राजनांदगांव की शिक्षाविद स्मृति शेष अग्र विभूति श्रीमती गीता देवी अग्रवाल की सौम्य एवं शालीन छवि अभिव्यक्त करने वाली तस्वीर का लोकार्पण आगत अतिथियों द्वारा किया जाएगा। तत्पष्चात भगवान श्री अग्रसेन जी की भव्य षोभा यात्रा नगर भ्रमण करेगी। यह जानकारी देते हुए प्रचार प्रसार प्रभारी संजय अग्रवाल ने बताया कि जयंती महोत्सव पूरे एक सप्ताह तक चलता है। आगामी 27 सितंबर 2024, प्रातः 10.00 बजे शुक्रवार को ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के साथ श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ होगा।

# मोहड में साहू समाज भवन का हुआ लोकार्पण

### पारधी समाज का भी बनेगा भवन, सीसी रोड के लिए दिए 5 लाख हैं



**डोगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विकासखंड के ग्राम मोहड में डोगरगांव विधायक दलेश्वर साहू ने पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण से नव निर्मित साहू समाज भवन का सोमवार को लोकार्पण किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य जागृति यदु, तहसील साहू संघ के अध्यक्ष हेमंत साहू , संरक्षक अमरनाथ साहू , परीक्षेत्रीय अध्यक्ष खेमू दास साहू, तहसील सचिव धनराज साहू , मंडल सचिव व तहसील प्रवक्ता पुरुषोत्तम साहू थे। इस अवसर पर विधायक दलेश्वर साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हर समाज को सुचारू रूप से संचालित करने एक भवन की आवश्यकता होती है जिसे उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास किया है। छोटे जनसंख्या वाले समाज के लिए भी भवन स्वीकृत कराया है। कार्यक्रम को तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने भी संबोधित करते हुए पिछड़ावर्ग वर्ग प्राधिकरण व विधायक निधी से तहसील के लगभग गांव मे सामाजिक भवन की स्वीकृती दिलाने के लिए विधायक का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम मे नगर साहू संघ डोंगरगांव के अध्यक्ष कौशल साहू, ग्राम पटेल भईया लाल देवांगन, शंकर लाल देवांगन, ग्राम अध्यक्ष रवि साहू, दिलेश्वर साहू, लल्लाराम साहू, कृष्णा साहू, संतकुमार साहू, भानू साहू, गिरधर साहू, परमानंद साहू, केशव साहू, उत्तम साहू, घनश्याम साहू, कुंवरसिग, ढेलू, कोमल, डेरहा, खोरबाहरा, उर्मिला ठाकुर, शिवबती, खेमिन देवांगन, रामदास चनापे आदि प्रमुख जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लविंद्र साव ने की तथा आभार प्रदर्शन रवि साहू ने किया।

**पारधी समाज भवन का भी हुआ भूमिपूजन**

इस अवसर पर ग्राम मे पारधी समाज भवन के लिए भूमिपूजन भी किया गया। इस अवसर पर पारधी समाज के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मुख्य अतिथि माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के उपस्थिति में, राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा प्रत्येक वर्ष सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवियों, कार्यक्रम अधिकारी जिला संगठको का चयन कर सम्मानित किया जाता है। वर्ष 2023 24 में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राजनांदगांव जिले से शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक विनोद कुमार टेम्बुकर को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक के रूप में सम्मानित किया गया। विनोद टेम्बुकर कार्यक्रम अधिकारी प्रो. करुणा रावटे. प्रो. संजय सप्तर्षि के नेतृत्व में जिला संगठक जिला राजनांदगांव डॉ.एस. के.पटेल संस्था प्राचार्य श्रीमती अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन में लगातार समाजसेवा के विभिन्न आयामो से जुड़कर रासेयो के साथ जुड़कर सेवा कार्य करते है। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से इस वर्ष 2 स्वयंसेवियों का चयन हुआ जिसमे महाविद्यालय स्तर पर राजनांदगांव जिले से स्वयंसेवक विनोद टेम्बुकर का चयन किया गया। जिसे 23 सितम्बर को रासेयो स्थापन दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, राज्य एन एस एस अधिकारी सुश्री डॉ. नीता बाजपेयी, उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन सचिव श्री प्रसन्ना आर ( भा.प्र.से.), एवं अन्य अधिकारीयों द्वारा सम्मनित किया गया। स्वयंसेवक विनोद इस सम्मान समारोह में अपने परिवार के साथ शामिल हुयें । और अपने साथ सम्मान लेने अपनी माँ के साथ मंच में गए। स्वयंसेवक विनोद कुमार टेम्बुकर पिता शत्रुहन टेम्बुकर माता आशा बाई टेम्बुकर राजनांदगांव जिले के प्रथम रासेयो राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक है। स्वयंसेवक विनोद हमेशा नि:स्वार्थ भाव से एच्छिक एवं जिला प्रशासन के साथ साथ कई संस्थाओं के मिलकर समाज में बदलाव के लिए समाज सेवा कर रहे है।

# ब्लॉक सतनामी समाज संगठन डोंगरगांव का गठन



**डोंगरगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** 22 सितंबर को गुरु घासीदास बाबा के आशीर्वाद से डोंगरगांव में सामाजिक आम सभा आमंत्रित किया गया था। जिसमें डोंगरगांव ब्लॉक अंतर्गत आने वाले समस्त ग्रामों के सामाजिक बंधु भारी संख्या में उपस्थित रहे।आम सभा में उपस्थित समस्त सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से समाज में व्यवस्था, अनुशासन,समाज की उन्नति और एकता स्थापित करने के उद्देश्य से सतनामी समाज ब्लॉक डोंगरगांव गठन मंडी प्रांगण डोंगरगांव में किया गया। जिनमें संगठन के सुचारू संचालन हेतु सबकी आम सहमति से विभिन्न पदाधिकारीयों का निर्वाचन/मनोनयन हुआ। सर्व प्रथम ब्लाक संगठन को मजबूती मार्गदर्शन के लिए अनुभवी, गुणी लोगों को संरक्षक सदस्यों के रूप में मनोनीत किया गया जिनके मार्गदर्शन में ब्लॉक सतनामी समाज डोंगरगांव का संचालन किया जायेगा । समस्त संरक्षक सदस्यों द्वारा सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु उनके मार्गदर्शन में ब्लाक सतनामी समाज संगठन डोंगरगांव के पदाधिकारियों का निर्वाचन बड़े ही सोहार्द्र पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। जिसमें संरक्षक कुंभ दास जोशी, नेतराम देशलहरे, अजय सिरमौर, गौतम बंजारे, तुलाराम जोशी, रामचंद्र सोनी, दीपक कुमार खिलेन्द्र बनाये गये। ब्लॉक अध्यक्ष - प्रेमलाल महिलकर, उपाध्यक्ष -राजेश भारती, महासचिव (महामंत्री )- राहुल देशलहरे, कोषाध्यक्ष - राजकुमार चंदानिया, सचिव - पुरन जांगड़े निर्विरोध रूप से निर्वाचित /मनोनीत हुए। एक महिला उपाध्यक्ष, 4 महिला समेत कुल सात कार्यकारिणी सदस्यों को ब्लॉक सतनामी समाज संगठन डोंगरगांव के नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी गई। आम सभा में उपस्थित ब्लॉक डोंगरगांव के सभी गांवों से 101 जागरुक और समाज के लिए समर्पित लोगों द्वारा समाज में व्यवस्था, अनुशासन, रीति नियम एवं सुचारू संचालन हेतु चयनित पदाधिकारियों को बधाई प्रेषित कर जिम्मेदारी सौंपा गया। इस अवसर पर ब्लॉक के सभी गांवों से समाज के लोग उपस्थित थे।

## वार्डो में आ रहा गंदा पानी

**वार्ड क्रमांक 05 इंदिरा नगर में गत 03 दिनों से आ रहा मटमैला पानी**



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के इंदिरा नगर वार्ड क्रमांक 05 में पिछले तीन चार दिनों से गंदा व मटमैला पानी आ रहा जिसके कारण वार्डवासियों को पीने का पानी का जल संकट उत्पन्न हो गया है। मटमैला पानी आने के कारण वार्ड वासियों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडराने लगा। वार्ड निवासी दीपक भवरैल, टिकु सदानंद, धर्मा राव, नारायण राव, वरा राव, निखिल अंबादे, किशोर मेश्राम, बाबा चौधरी, बीना बाई, मीना बाई, सरिता कोटागले, शोभा सोनी, महबुब खान, खातिजा बेगम, संतराम यादव, सायरा बानो सहित पचासो वार्ड वासियों ने बताया कि लगातर चार दिनों से नलो में गंदा व मटमैला दूषित पानी आ रहा है जिससे घर के बच्चों व बड़ों की सेहत पर खतरा मंडराने लगा है जिसके कारण वार्ड वासियों में आक्रोश का माहौल व्याप्त होने लगा है। इसको लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा से चर्चा करने पर बताया गया कि वार्ड वासियों की पेयजल समस्या का समाधान करने का तत्काल आदेश दिए गए। वार्ड वासियों की समस्या का निराकरण जल्द कर दी जायेगी।

## ज्ञान मंथन

*1) भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2023 में अंतर्राष्ट्रीय जूरी पैनल का अध्यक्ष किसे चुना गया है?*
*2) रोजगार गारंटी योजना शुरू करने वाला पहला राज्य कौन-सा है?*
*3) मृतकों की जनगणना करने वाला पहला राज्य कौन-सा है?*
*4) इंटरनेट पर सर्वर से सूचना पाने के कम्प्यूटर प्रोसेस को क्या कहते हैं?*
*5) दूसरे रोहिणी नैय्यर पुरस्कार से हाल ही में किसे सम्मानित किया गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) शेखर कपूर (2) महाराष्ट्र (3) कर्नाटक (4) डाउनलोडिंग (5) दीनानाथ राजपूत

# एक वर्ष में लगभग 25 हजार रूपए का मेडिसिन दान के रूप में मिला मेडिसिन बैंक को आम जन हुए लाभान्वित

## आज विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर पुरे देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनायेंगे

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज दुनियाभर में स्वास्थ्य सेवाओं में विशेष योगदान देने वाले फार्मासिस्ट को समर्पित खास दिन मनाया जा रहा है। इस दिन विश्व फार्मासिस्ट दिवस के तौर पर हर साल 25 सितंबर को मनाते हैं। फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवा से जुड़े वह लोग हैं जो बतौर चिकित्सा पेशेवर दवाओं की आपूर्ति करते हैं और मरीजों को डॉक्टर की प्रिस्क्रिप्शन दवाएं उपलब्ध कराते हैं साथ ही मेडिसिन के निर्माण से लेकर रिसर्च तक फार्मासिस्ट का एक विशेष भूमिका है ऐसे ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव के तीन फार्मासिस्ट मित्र जिसमें फार्मासिस्ट विशाल खत्री, फार्मासिस्ट भोज कुमार साहू व फार्मासिस्ट खेमराज लहरें ने मिलकर जन हित में पिछले वर्ष फार्मासिस्ट दिवस पर मेडिसिन बैंक का शुभारंभ किया था जो कि एक वर्ष पूर्ण हो गया है एक वर्ष में लगभग 25 हजार रुपए तक के दवाईयां मेडिसिन बैंक में जमा हुआ साथ ही इस दवाईयों को अस्पताल में आये मरीजों को पुन: वितरण कर उपयोग में लिया गया जिससे जन मानस के दवाई जन मानस को निशुल्क वितरण करके मेडिसिन के वेस्टेज व आम जन मानस के बजट में भी बचाव किया गया।

**क्या है मेडिसिन बैंक आपको जानना बहुत जरूरी है**

अधिकांश लोग बीमार होने के बाद चिकित्सक के पास पहुंच अपना इलाज करवाते हैं और मेडिकल स्टोर्स पहुंचकर डाक्टर के द्वारा प्रिस्क्रिप्शन दवाई लेकर दवाई खाना शुभारंभ करते हैं और दो तीन खुराक खानें के बाद ठीक लगने पर दवाईयां खाना बंद कर देते हैं



जबकि डाक्टर के द्वारा लिखें दवाई पुर्ण रूप से खाना आवश्यक होता है क्योंकि पूर्ण दवाईयां खानें पर ही आपके बीमारी को पूर्ण रूप से ठीक होता है लेकिन हम जल्द बाजी में दवाई खाना बंद कर देते हैं ऐसे बचें हुए मेडिसिन को कुड़ादान में फेंक देते हैं या घर के कोने में पड़े पड़े एक्सपायरी हो जाते हैं इसी मेडिसिन का उपयोग में लाने के लिए मेडिसिन बैंक का शुभारंभ किया था जोकि छत्तीसगढ़ का एक मात्र मेडिसिन बैंक है जहां पर आप अपना मेडिसिन बैंक जमा कर सकते हैं और आप अपने जरूरत का मेडिसिन नि:शुल्क प्राप्त कर सकते हैं इसे दवा की बर्बादी व आर्थिक बर्बादी से भी बच सकते हैं ये तीनों फार्मासिस्ट मित्रों के प्रयास सराहनीय है। ऐसे फार्मासिस्टो को हम उनके दिवस पर आपके सामने लायें है।

**फार्मासिस्ट दिवस का इतिहास**

प्रतिवर्ष 25 सितंबर को मनाया जाने वाला विश्व फार्मासिस्ट दिवस को पहली बार साल 2009 में मनाया गया था। इस दिन को मनाने की मांग इंटरनेशनल फार्मास्युटिकल फेडरेशन (एफआईपी) ने वर्ष 2000 में इस्तांबुल में आयोजित एक सम्मेलन में की थी। सम्मेलन के दौरान इस दिन को मान्यता दे दी गई। हालांकि पहली बार इस्तांबुल, तुर्की में फर्मेसी और फार्मास्युटिकल साइंस को एफआईपी ने विश्व कांग्रेस में 2009 को मनाया।

**इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के द्वारा आज डोंगरगांव में फार्मासिस्ट दिवस कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं**


इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन भारत का सबसे का बड़े संगठन है भोज कुमार साहू जिला अध्यक्ष ने उक्त कार्यक्रम के बारे में बताया कि पुरे विश्व भर में फार्मासिस्ट अपने उक्त दिवस को हर्ष उल्लास के साथ मनायेंगे इसीक्रम में इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले पर जिला के फार्मासिस्टो को एकजुट करते हुए डोंगरगांव में कार्यक्रम का आयोजन शासकीय अर्धशासकीय व प्राइवेट सेक्टर में कार्य कर रहे हैं सभी फार्मासिस्टो को उक्त कार्यक्रम में आमंत्रित किया फार्मासिस्टो के समाज मे योगदान व उनके दायित्वों पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम का आयोजन होंगा।

## जिला दवा विक्रेता संघ राजनांदगांव का चुनाव 29 सितंबर को


**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर रायपुर से मान्यता प्राप्त जिला दवा विक्रेता संघ राजनांदगांव का त्रिवार्षिक चुनाव 29 सितंबर रविवार को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडीटोरियम में आयोजित किया गया है। इस त्रिवार्षिक चुनाव में तीन पद हेतु चुनाव होने हैं अध्यक्ष, सचिव, एवं कोषाध्यक्ष इन तीन पदो के लिए निर्वाचन होना है । मतदाता सुची के अंतिम प्रकाशन के बाद दिनांक 21 सितंबर व 22 सितंबर को नामांकन पत्र वितरण एवं नामंकन दाखिल किया गया है । दिनांक 23 सितंबर को वैध प्रत्याशियों की प्रारंभिक सुची का प्रकाशन किया गया, दिनांक 26 सितंबर को नाम वापसी और 27 सितंबर को वैध प्रत्याशियों की अंतिम सुची का प्रकाशन किया गया एवं आवश्यकता होने पर 29 सितंबर को मतदान पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडीटोरियम में संपन्न किया जायेगा ।

## आबू में मीडिया का राष्ट्रीय महासम्मेलन 26 से 30 सितंबर तक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय आबू रोड में 26 सितंबर से 30 सितंबर 2024तक मीडिया का राष्ट्रीय महासम्मेलन आयोजित किया जा



रहा है जिसमें स्वस्थ और खुशहाल समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण में मीडिया की भूमिका विषय पर चर्चा होगी ।यह कार्यक्रम ब्रह्माकुमारीज़ दिव्यअनुभूति हाल आनंद सरोवर शांतिवन के पास आबू रोड, राजस्थान ,में आयोजित होगा इसमें पूरे भारत के प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े हुए लगभग 1000 मीडिया प्रतिनिधि शामिल होंगे । इस राष्ट्रीय महासम्मेलन में राजनांदगांव से वरिष्ठ पत्रकार दैनिक अमर छत्तीसगढ़ के प्रधान संपादक सी .एल. जैन सोना,सबेरा संकेत के छुरिया संवाददाता एवं प्रेस क्लब छुरिया के अध्यक्ष शिशुपाल साहू और भास्कर दूत के गैंदाटोला प्रतिनिधि नरेश कुमार देवदास शामिल होने 25 सितंबर को पुरी -अहमदाबाद एक्सप्रेस से रवाना होंगे। उपरोक्त जानकारी स्थानीय सेवा केंद्र के मीडिया प्रभारी ब्रह्मा कुमार मुरलीधर सोमानी भाई ने दी।



## निधन

**कृष्णा चंद्रिकापुरे**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पावर हाऊस रामनगर वार्ड नं. 30 के प्रतिष्ठित नागरिक कृष्णा चंद्रिकापुरे का आज अपरान्ह 3 बजे निधन हो गया। वे लगभग 55 वर्ष के थे। स्व. चंद्रिकापुरे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र सोनू और शेताब तथा एक विवाहित पुत्री सहित नाती-पोतों से भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनकी अंतिम यात्रा कल 25 सितंबर बुधवार को प्रात: 10 बजे निज निवास रामनगर से कन्हारपुरी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

# 27 सितंबर को कर्मचारी अधिकारी करेंगे जिला स्तरीय हड़ताल

### डीए सहित विभिन्न मांगो को लेकर होगा आंदोलन, जिले भर के 33 से अधिक कर्मचारी अधिकारी संगठन रहेंगे हड़ताल पर



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेशभर के लगभग चार लाख कर्मचारी अधिकारी एक बार फिर आंदोलन की राह पर है। आगामी 27 सितंबर को राज्य के समस्त 33 जिला मुख्यालयों में कर्मचारीयों अधिकारियों द्वारा एक बार फिर जोरदार हल्ला बोला जाएगा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के ब्लाक संयोजक भेलसिंह वर्मा महामंत्री योगेश चौरे व डॉ मुन्ना लाल नंदेश्वर मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि आगामी 27 सितंबर को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों सहित राजनांदगांव जिला में भी धरना प्रर्दशन कर रैली निकाली जाएगी साथ ही सभी जिला कलेक्टरों को डीए सहित विभिन्न मांगो को लेकर ज्ञापन सौपा जाएगा। फेडरेशन संयोजक भेलसिंह वर्मा, ने बताया कि प्रदेश में मोदी की गारंटी पूरी तरह फेल हो चुकी है। यहां कर्मचारियों की मूल मांगे तो दूर डीए जैसे मूलभूत चीजें भी नसीब नहीं हो पा रही है। जबकि नवंबर 2023 में विधानसभा चुनाव के पूर्व प्रदेश भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र को मोदी की गारंटी कहकर राज्य के कर्मचारियों और अधिकारियों से बहुत सारे वादे किए थे। साथ ही यह भी कहा था कि केंद्रीय कर्मचारियों का डीए जब जब बड़ेगा तब तब राज्य कर्मचारियों का भी डीए तत्काल बढ़ाया जाएगा। लेकिन छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी फेल हो चुकी है। आज हमे डीए जैसे पूरक, छोटी एवं अनिवार्य मांगो के लिए भी सड़क पर उतरना पड़ रहा है। उपाध्यक्ष हिरालाल मोर्य , कोषाध्यक्ष भीषम ठाकुर ,छत्रपाल सिंह ठाकुर, फेडरेशन की महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मी देवांगन, धनेश्री बारिक, धनलक्ष्मी महोबिया, पुष्पांजलि चंद्राकर, प्रीति लाटिया, धन्नू लाल महोबिया, राकेश सिन्हा आदि ने कर्मचारियों एवं अधिकारियों से अपील की है कि आगामी 27 सितंबर को सभी विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारी एक दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे।

## कोपेडीह निवासी परदेसी राम विश्वकर्मा के अंत्येष्टि कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ब्लॉक के ग्राम कोपेडीह निवासी परदेसी राम विश्वकर्मा का आकाशीय बिजली गिरने के कारण दिवंगत



हो गए जिनका अंत्येष्टि कार्यक्रम आज ग्राम कोपेडीह के मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि कार्यक्रम में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शामिल हुए और शोकाकुल परिवार जनों को ढ़ाढ़स दिया। अभिषेक सिंह ने दिवंगत परदेसी राम विश्वकर्मा के सुपुत्र वासु विश्वकर्मा को मुख्यमंत्री के निर्देश पर चार लाख रुपए की त्वरित सहायता प्रदान की ।इस दौरान पूर्व सांसद मधुसूदन यादव,राजनांदगांव भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, कोमल सिंह राजपूत,राजेश श्यामकर,रोहित चंद्राकर,तुलदास साहू,सरपंच प्रतिनिधि चंद्रकांत (राजू ) साहू, मदनलाल साहू,बसंत साहू,विनोद साहू सहित बड़ी संख्या मे अंत्येष्टि कार्यक्रम में शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित किए।

# ग्रामीणों ने शीघ्र ही सड़क निर्माण स्वीकृत की मांग रखी



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गर्रापार केआश्रित ग्राम खोरा टोला,जोशीलमती, फाड़ूटोला दंतर गुण्डरा ,राजाटोला अलीवारा देसिंग टोला, आमाटोला, मांझी टोला, सिंघाभेड़ी, गर्रापार, खोरा टोला, मांझीटोला, बीटाल, कोलियारी, कोलिहा लमती ,पठान ढोड़गी ,थैली टोला, दतरेंगा टोला, मावलीचुवा, केशाल, दैहान, हर्राटोला, चिरचारी, बेलर गोंदी सहित आसपास के लगभग 40 से 50 गांवों के ग्रामीणों द्वारा मांग किया गया है कि छुरिया विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गर्रापार केआश्रित ग्राम खोराटोला से ग्राम पंचायत रैनू टोला के आश्रित ग्राम चौकी खोराटोला की दूरी मात्र एक किलो मीटर दूरी पर सड़क डामरीकरण नहीं होने के कारण आस पास गांव के किसानों एवं पढ़ने वाले बच्चों को आवागमन में काफी दिनों से असुविधा हो रही है ।जिसके कारण आस पास के ग्रामीणजन नाराज़ हैं। उक्त सड़क मार्ग आवागमन की द्रष्टि कोण से प्रमुख एवं प्रचलित रास्ता है ।इस प्रमुख रास्ता के छोड़ अन्य और कोई भी रास्ता नहीं है। उक्त शेष एक किलो मीटर सड़क को डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य हेतु आसपास के ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से



मांग की जा रही है। लेकिन आज पर्यन्त स्वीकृत नहीं होने से आस पास गांव के ग्रामीण जनो में रोष व्याप्त है। उक्त सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति की मांग हेतु सांसद माननीय संतोष पांडेय , पूर्व सांसद एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव एवं जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्य की मांग की है। सड़क निर्माण कार्य स्वीकृति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में आसपास के लगभग 40 से 50 गांवों के ग्रामीणों द्वारा बांधा बाजार में चक्का जाम की चेतावनी दी है। सड़क निर्माण कार्य के मांग करने वाले में प्रमुख रूप से हिरेंद्र साहू, सरपंच बालमुकुंद कुंजाम, कोमल साहू, संतोष कुमार,लोमनसिंह धुर्वे, रामकुमार साहू, यादव राम साहू,दया दास पटेल, तुलसीराम,भानू ,लक्ष्मण,परस राम,प्रकाश,बसंत, मदन लाल साहू,ताजू राम साहू, कुंदन साहू, बालाराम,सुखियारिन बाई,बनिहारिन बाई, इन्द्र कुमार चन्द्रवंशी, चित्रांगन साहू जी, कृष्णा राम चन्द्र वंशी,परदेशी राम उईके, भारत लाल, जगदीश डहरे, गणेश राम,परस कोर्राम हिरसिंग, रेवाराम,नागेश पोर्ते, खिलेश्वर पोर्ते,इन्दू राम,नरशू साहू,पुरण साहू,मोहित भक्ता, पन्नालाल, राजेश कस्तूरे, चंद्रभान,भागवत कस्तूरे, सहित आसपास के ग्रामीणों ने मांग किया गया है।



## प्रेक्षक के समन्वय हेतु लॉयजन अधिकारी नियुक्त

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा नगर पालिका एवं त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के लिए निर्वाचक नामावली तैयार एवं पुनरीक्षित करने हेतु राजनांदगांव जिले के लिए नामनिर्दिष्ट प्रेक्षक अपर कलेक्टर दुर्ग श्री बजरंग कुमार दुबे को व्यवस्था एवं समन्वय हेतु सहायक यांत्रिकी लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग राजनांदगांव श्री फूलचंद सिंग पटेल को लॉयजन अधिकारी नियुक्त किया है।

## धर्म समाचार....

# `इन राशियों की बदलेगी फूटी किस्मत, आर्थिक तंगी से मिलेगी निजात




ज्योतिषियों की मानें तो कुंडली में चंद्रमा मजबूत होने से जातक को सभी शुभ कार्यों में मनमुताबिक सफलता मिलती है। इसके साथ ही जातक का मन हमेशा प्रसन्नचित्त रहता है। कच्चे दूध से भगवान शिव का अभिषेक करने से कुंडली में चंद्रमा मजबूत होता है। मन के कारक चंद्र देव एक राशि में दो दिनों तक रहते हैं। वैदिक पंचांग के अनुसार, आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि है। इस शुभ अवसर पर जगत के पालनहार भगवान श्रीकृष्ण की पूजा जाएगी। इस दिन ही कालाष्टमी का पर्व भी मनाया जाएगा। इसके अलावा, पितरों का तर्पण एवं पिंडदान भी किया जाएगा। ज्योतिषियों की मानें तो आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर चंद्र देव राशि परिवर्तन करेंगे। इससे कई राशि के जातकों को लाभ प्राप्त होगा। आइए, इन राशियों के बारे में जानते हैं-

**चंद्र राशि परिवर्तन**

ज्योतिषियों की मानें तो आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को चंद्र देव राशि प्रात: काल 09 बजकर 55 मिनट पर वृषभ राशि से निकलकर मिथुन राशि में गोचर करेंगे। इस राशि में चंद्र देव 26 सितंबर तक रहेंगे। 26 सितंबर को चंद्र देव संध्याकाल में मिथुन राशि से निकलकर कर्क राशि में प्रवेश करेंगे।

**वृषभ राशि**- चंद्र देव के राशि परिवर्तन से वृषभ राशि के जातकों को लाभ प्राप्त होगा। इस राशि में चंद्र देव उच्च के होते हैं। इसके लिए चंद्र देव की विशेष कृपा वृषभ राशि के जातकों पर बरसती है। वहीं, राशि परिवर्तन के दौरान चंद्र देव वृषभ राशि के द्वितीय भाव में गोचर करेंगे। इस भाव में चंद्र देव के आने से वृषभ राशि के जातकों को धन लाभ हो सकता है। रुके कार्य बन सकते हैं। इसके साथ ही घर पर मेहमानों का आगमन हो सकता है। मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी। चंद्र देव की कृपा पाने के लिए हर सोमवार के दिन कच्चे दूध से भगवान शिव का अभिषेक करें।

**सिंह राशि**-चंद्र देव के राशि परिवर्तन से सिंह राशि के जातकों को भी लाभ प्राप्त होगा। इस राशि के स्वामी सूर्य देव हैं। सूर्य और चंद्र के मध्य मित्रवत संबंध है। पद-प्रतिष्ठा और मान-सम्मान में वृद्धि होगी। सभी बिगड़े कार्य बनेंगे। राजनीति विसात से लाभ प्राप्त हो सकता है। अगर निवेश करने की सोच रहे हैं, तो शारदीय नवरात्र अनुकूल समय है। इससे पहले सभी पहलुओं से विचार कर लें। मां की सेवा और सम्मान करें। इससे करियर में विशेष लाभ प्राप्त होगा।

## नवंबर महीने में कब है देवउठनी एकादशी? नोट करें शुभ मुहूर्त एवं योग

धार्मिक मत है कि देवउठनी एकादशी तिथि पर जगत के पालनहार भगवान विष्णु की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही जन्म-जन्मांतर में किए गए पापों से मुक्ति मिलती है। इस दिन साधक श्रद्धा भाव से लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करते हैं। साथ ही एकादशी का व्रत रखते हैं। सनातन धर्म में देवउठनी एकादशी का विशेष महत्व है। इस एकादशी तिथि पर जगत के पालनहार भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागृत होते हैं। देवउठनी एकादशी (ष्ठद्ग1 ह्लद्धड्डठ्ठद्ब श्वद्मड्डस्रड्डह्यद्धद्ब 2024) तिथि से सभी प्रकार के मांगलिक कार्य किए जाते हैं। सनातन शास्त्रों में वर्णित है कि जगत के पालनहार भगवान विष्णु आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर क्षीर



सागर में विश्राम करने चले जाते हैं। वहीं, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर जागृत होते हैं। इस अवधि को चातुर्मास कहा जाता है। इस शुभ अवसर पर जगत के पालनहार भगवान विष्णु की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त एकादशी का व्रत रखा जाता है। आइए, देव उठनी एकादशी की तिथि एवं योग जानते हैं-**शुभ मुहूर्त**- वैदिक पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 11 नवंबर को संध्याकाल 06 बजकर 46 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 12 नवंबर को संध्याकाल 04 बजकर 04 मिनट पर होगा। सनातन धर्म में सूर्योदय से तिथि की गणना की जाती है। इसके लिए 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी मनाई जाएगी। साधक 13 नवंबर को सुबह 06 बजकर 42 मिनट से लेकर 08 बजकर 51 मिनट के मध्य पारण कर सकते हैं।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# शिवनाथ में आई बाढ़ व अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारो ने मुआवजा की मांग को लेकर किया धरना प्रदर्शन

## जिला कांग्रेस ने बाढ़ पीड़ित व अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारो को मुआवजा दिलाने के लिए मोर्चा खोला, अफसरों को दूरबीन व चश्मा भेट कर कांग्रेसियो ने शासन प्रशासन से आपदा पीड़ितो के लिए मांगा मुआवजा

**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** नगर से गुजरने वाली जीवनदायिनी षिवनाथ नदी में 9 व 10 सितंबर को आई बाढ एवं अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारो को मुआवजा देने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने अनोखा प्रदर्षन किया। प्रदर्शन करने वाले कांग्रेसी नेता एवं बाढ पीडितो ने प्रशासन के अधिकारियो को दूरबीन व पावर ग्लास चश्मा भेटकर तत्काल निष्पक्ष सर्वे कर राहत राशि प्रदान करने की मांग की।

9 व 10 सितंबर को आई शिवनाथ नदी में आई बाढ से नगर के वार्ड क्रमांक 5, 8, 11, 12, 13, 14 के सैकडो परिवार प्रभावित हुए है। प्रभावितो ने बताया की 10 सितंबर को जब सबह उनकी नींद खुला या उन्हे उठाया गया तो उनके मकान चारो तरफ से बाढ के पानी से घिर गए थे। और सैकडो परिवारो के मकानो में बाढ का पानी प्रवेश कर गया था। पीडित परिवारो के घरो में पानी घुसने से लोगो के राशन, कपडे एवं घरेलू सामाग्री या तो पानी में भींग कर खराब हो गए या पानी में बह गए । इन पीडित परिवारो को पखवाडा गुजरने के बाद भी प्रशासन की ओर से मुआवजा तो दूर प्रभावित परिवारो को प्रशासन द्वारा सर्वे भी नही कराया गया है। इन प्रभावितो ने आज जिला कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में मुआवजे की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। पीडित परिवार व कांग्रेस नेता शासन प्रशासन से तत्काल मुआवजा की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन जिला कांग्रेस के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी व खुज्जी विधायक भोलाराम साहू की अगुवाई में सम्पन्न हुआ। तहसील कार्यालय के सामने तीन घंटे से अधिक समय तक हुए विरोध प्रदर्शन में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पार्षद मनीष बंसोड, उपाध्यक्ष रितेश मेश्राम, पार्षद शंकर निषाद, मुकेश सिन्हा, किसान जिला अध्यक्ष उदेराम साहू, बेनीप्रसाद साहू, जिला महामंत्री नरेष शुक्ला, श्यामसुंदर लाटा, शमीमुद्दीन कुरैशी, शहर युंकाध्यक्ष मोनू कुरैशी, छगन बंजारे, पूर्व एल्डरमेन प्रमोद ठलाल, रजिया बेगम, तुरीत प्रसाद तिवारी, लोकदीप बोरकर, मनीष साहू, हेमंत बोरकर, ओंकार बारसागढे, आकाश कसार, नीरा यादव सहित सैकडो की संख्या में बाढ प्रभावित परिवार उपस्थित थे।

**सीएम के नाम पर ज्ञापन सौपा**

जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के मुखिया सीएम विष्णु देव साय के नाम पर तहसीलदार अंबागढ चौकी श्रीमती अनुरिमा टोप्पो को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने मांग की है कि 9 व 10 सितंबर को शिवनाथ नदी एवं अन्य सहायक नदी नालो में आई बाढ से पीडित व अतिवृष्टि से प्रभावित हुए नगर पंचायत व ग्रामीण क्षेत्रो के पीडित परिवारो को निष्पक्ष सर्वे करा कर तत्काल मुआवजा राशि प्रदान की जाए।



**समय सीमा में मांगे पुरी नही होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी**

मुआवजा की मांग को लेकर भाजपा शासन व प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्षन कर रहे जिला कांग्रेस कमेटी ने चेतावनी दी है की यदि पखवाडे भर के अंदर पीडित व प्रभावित परिवारो को क्षति के अनुरूप मुआवजा राशि प्रदान नही की गई तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने प्रशासन को दशहरा पर्व तक समय दिया है। यदि समय सीमा में सर्वे कर मुआवजा प्रदान नही किया जाता है तो फिर आगे राजनांदगांव, मोहला मानपुर चौकी स्टेट हाईवे में तहसील कार्यालय के समीप चक्काजाम किया जाएगा।

**पीडितो ने कहा की अब तक नही हुआ है सर्वे**

मुआवजा की मांग को लेकर तहसील कार्यालय में धरना प्रदर्शन करने पहुचे बाढ पीडित परिवारो ने खुलासा किया की प्रशासन द्वारा अब तक नगर में बाढ आपदा से प्रभावित हुए परिवारो का कोई सर्वे नही कराया है। पखवाडा गुजरने को है उनके घरो में अब तक राजस्व विभाग का कोई भी कर्मचारी सर्वे व जांच के लिए नही आया है। बडी संख्या में प्रदर्शन में शामिल होने पहुची पीडित परिवारो के माताओ व बहनो ने बताया की बाढ से उन्हे हजारो रुपए की क्षति का सामना करना पडा है। अधिंकाश लोगो का कहना था की बाढ में उनके राशन, खाद्या सामग्री, घरेलू सामान, कपडे व घरेलू उपकरण व बच्चो के कापी पुस्तके या तो पानी में डूबने से खराब हो गए या फिर बाढ में ही बह गए। राजस्व अधिकारियो के सामने पीडितो ने साफ आरोप लगाया की उनकी सुध लेने वाला कोई आया ही नही है। जिसके कारण वे अब तक परेशान हो रहे है।

**परदर्षिता से देखने के लिए अफसरो को दूरबीन व पावर चश्मा भेट**

मुआवजा की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियो ने धरना प्रदर्षन के अंत में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की अगुवाई में जिला प्रषासन के अधिकारियो को दूरबीन व पावर ग्लास चश्मा भेट किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने खुलासा किया की तहसील कार्यालय से शिवनाथ नदी की दूरी व आपदा पीडित लोगो के मकान एक किमी से अधिक नही है। और पखवाडे भर का समय गुजर गया और सर्वे का काम शुरू नही हुआ है। प्रशासन के ढुलमुल व लचर कार्यप्रणाली को देखते हुए उन्हे दूरबीन व चश्मा भेट किया है ताकि वह नजदीक व दूर के लोगो को आसानी से देख सके, तथा पीडित परिवारो को मुआवजा दिलाने के लिए आगे की कार्यवाही कर सके। जिला अध्यक्ष ने कहा की उनका काम षासन प्रषासन को नींद से जगाना है।

> बाढ पीडित व अतिवृष्टि से प्रभावितो हुए परिवारो का सर्वे कराया जा रहा है। गाईडलाईन के अनुसार इन्हे जल्द से जल्द मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी।
>
> **एस. जयवर्धन, कलेक्टर, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी**

# आबकारी के संरक्षण में फल फूल रहे अवैध शराब व नशे का कारोबार

## शहर के बच्चे और युवापीढ़ी हो रहे बर्बाद, वसूली करते नजर आ रहा आबकारी अमला



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** अवैध शराब की बिक्री व नशे के काले कारोबार को रोकने और उसे पूरी तरह से बंद कराने में आबकारी विभाग पूरी तरह नाकाम व लाचार नजर आ रहा है। शासन ने अवैध शराब सहित गांजा, अफीम,ब्रावुन सुगर, वाईटनर सिलोशन, कफसिरप सहित नशे को गोलियों जैसे मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने और संबंधित आरोपियों पर कार्यवाही करने का जिम्मा आबकारी विभाग को दे रखा है। लेकिन आबकारी विभाग पूरी तरह बेबस व लाचार नजर आ रहा है। देखने व सुनने में यही आ रहा है कि अवैध शराब को पकडने में पुलिस ज्यादा रूचि दिखा रही है और आबकारी वाले बैठे बिठाए ही रोजी पका रहे हैं। हां इतना जरूर है कि आबकारी वालों ने कभी एक-दो लीटर कच्ची मदिरा या थोड़ी मात्रा में कहीं पर अवैध शराब की जप्ती कर ली तो उसे लेकर बकायदा जनपसंपर्क विभाग के माध्यम से अखबारों को विज्ञप्ति जारी कराने से नहीं चूकते, क्योंकि सारे तमाम शराब कोचिए और मादक द्रव्यों के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों को आबकारी विभाग ने संरक्षण दे रखा है और महीना बांध मोटी कमाई की सूचना मिली है। सूत्रों का दावा है कि आबकारी विभाग का मासिक स्थापना बजट लाखों रूपए में होता है, लेकिन उसकी तुलना में विभाग कोई बड़ी कार्यवाही नहीं कर पा रहा है। ऐसे में इसका आशय तो यही हुआ कि शासन द्वारा इस विभाग के लिए जिस तरीके से खर्च करते आ रहा है, उसकी तुलना में न तो कोई कार्यवाही की जा रही है और न ही कोई राजस्व मिल रहा है तो आखिर इस विभाग का औचित्य ही क्या रह जाता है? क्योंकि अवैध शराब के मामले में आबकारी की तुलना में पुलिस विभाग ज्यादा कार्यवाही करते नजर आ रहा है। इस तरह आबकारी विभाग का हाल आमदनी अठन्नी और खर्चा रूपैय्या जैसा हो चुका है। राज्य सरकार को चाहिए कि जिस विभाग के लोग अपनी विभागीय जिम्मेदारी का ठीक तरह से निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं, उसकी समीक्षा कर कड़ी कार्यवाही करे।

# नेशनल प्लेयर बने भावेश

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** क्रिकेट अंडर 19 वर्ष में छत्तीसगढ़ की टीम राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा गोवा मे छत्तीसगढ़ की टीम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। छत्तीसगढ़ की टीम में प्रतिनिधित्व करते हुए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धामनसरा के छात्र भावेश रजक द्वारा उत्कृष्ठ खेल का प्रदर्शन किया जिसके आधार पर प्रतियोगिता में बेस्ट कीपर एवं बेस्ट बैस्टमैन का खिताब अपने नाम किया जिसके चलते उक्त छात्र अंडर-19 के भारतीय टीम में चयन हो गया। चयन होने पर मैनेजर अशोक कुमार मेहरा, खेल शिक्षक एवं कोच संतोष देशमुख, प्राचार्य अजय मसीह, जनपद उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर, जनपद सदस्य रौशनी योगेन्द्र वैष्णव, सरपंच लोकेश गंगवीर धामनसरा, चेतन चंद्राकर जंगलेसर सरपंच, उपसरपंच कृतलाल पटेल, शिक्षकगण व ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त उक्त छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है। छात्र के वापस ग्राम पहुंचने पर ग्रामवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा।



# रासेयो बैच के महत्व को रेखांकित किया - जे के वैष्णव



**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में 24 सितम्बर 2024 मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस प्राचार्य डॉ जे के साखरे के मार्गदर्शन में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव , विशिष्ट अतिथि प्रो. सुरेश आडवानी,प्रो.सतीश कुमार, डॉ मेधाविनी तुरे, डॉ उमेंद चंदेल,होमन साहु की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अतिथियों ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानन्द जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित एवं रासेयो गीत से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। अतिथियों का रासेयो बैच लगाकर , पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में छात्रसंघ प्रभारी जे .के . वैष्णव ने राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना , उद्देश्य एवं महत्व को विस्तार से बताते हुए रासेयो बैच के सजग प्रहरी, सेवाभाव को रेखांकित किया। पूर्व में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी के अपने दायित्वों की जानकारी देते हुए नियमित गतिविधियां, गोदग्राम एवं सात दिवसीय शिविर में छात्रों के कार्यों को समझाया प्रो. सुरेश आडवानी ने स्वामी विवेकानंद जी के उठो जागो और तब तक विश्राम मत करो जब तक लक्ष्य प्राप्त न कर लो को बताया। प्रो. सतीश कुमार ने रासेयो छात्र जीवन के अनुभवों को साझा किया। डॉ मेधाविनी तुरे ने संस्कृत श्लोक गाते हुए वसुधैव कुटुम्बकम को पारिभाषित किया , साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना में छात्र छात्राओं की अहम भूमिका की प्रसंशा की। डॉ उमेंद चंदेल ने कविता के माध्यम से अपने विचार रखे। छात्र छात्राओं को उत्कृष्ट कार्य पर मोमेंट एवं पुष्प गुच्छ भेंट किया जिसमें टिकेन्द वर्मा, लीना वर्मा, गौरी यदु, सुमन साहु, चितरेखा बघेल, उषा बंजारे, नीतेश ,गिरवर साहु , भूपेन्द्र वर्मा आदि रहे। कार्यक्रम संचालन टिकेन्द वर्मा आभार प्रदर्शन लीना वर्मा ने किया। इस अवसर पर स्टाफ के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# 30 सितम्बर को नगर निगम में सामान्य सभा, 11 विषयों पर होगी चर्चा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर पालिक निगम की सामान्य सभा की बैठक 30 सितम्बर 2024 सोमवार को पूर्वान्ह 10:30 बजे से नगर निगम के सभागृह में आहुत की गई है। बैठक में 11 विषयों पर चर्चा कर विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया जायेगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए निगम अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता ने बताया कि सामान्य सभा की बैठक के प्रारंभ में नगरीय निकायों में पुराना गंज चौक का नाम आचार्य श्री विद्यासागर चौक एवं गंज चौक में अहिंसा प्रवेश द्वार निर्माण किये जाने के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया जावेगा। इसी प्रकार राजनांदगांव शहर स्थित तिरंगा चौक से गंज चौक तक मार्ग का नामकरण महेश पथ किये जाने, जी.ई.रोड ट्रांसपोर्ट नगर व बाईपास के लिये मुडने वाले रोड के चौक का नाम महाराजा रंजीतसिंह के नाम से किये जाने तथा मानव मंदिर चौक का नाम महाकाल चौक के नाम पर किये जाने चर्चा उपरांत निर्णय लिया जावेगा। निगम अध्यक्ष श्री धकेता ने बताया कि विषय क्रं. 5 में स्वर्ग रथ का शुल्क निर्धारण के अलावा आगे के विषय में जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने, मिशन क्लीन सिटी परियोजना अंतर्गत उपभोक्ता शुल्क की वसूली संपत्तिकर, समेकितकर के साथ जोड कर वसूली किये जाने, फ्लाई ओव्हर के नीचे रिक्त स्थल पर वाहन पार्किंग व्यवस्था नियम शर्तो एवं दर की स्वीकृति के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया जावेगा। उन्होंने बताया कि विषय क्रं. 9 में लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदन की स्वीकृति एवं अनुमोदन तथा रेल्वे स्टेशन पुराने सफाई कार्यालय के दुकानों की स्वीकृति के अलावा अंतिम विषय में हाटा बाजार व्यवसायिक परिसर स्थित प्रथम तल की दुकान क्रं. 1 से 14 एवं दुकान क्रं. 16 से 20 तक की प्राप्त उच्चतम बोली की स्वीकृति के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने सामान्य सभा की बैठक में महापौर सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों,पार्षदों, पार्षदों, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि व पत्रकारों एवं अधिकारियों कर्मचारियों से उपस्थिति की अपील की है।

# चॉकलेट बांटने वाले डॉक्टर अब तक कई बच्चों के जिंदगी कर चुके हैं रोशन

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गैंदाटोला के नेत्र सहायक अधिकारी मुकेश साहू की प्रसिद्धि दूर-दूर तक

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गैंदाटोला के नेत्र सहायक अधिकारी मुकेश कुमार साहू अपनी उत्कृष्ट सेवा गतिविधियों की वजह से दूर-दूर तक प्रसिद्धि पा चुके हैं। श्री साहू को क्षेत्र के गांव में चॉकलेट बांटने वाले डॉक्टर के रूप में भी जाना जाता है। मुकेश साहू अपनी सेवा काल के शुरुआती वर्षों से ही शासकीय योजना जैसे राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण प्रोग्राम, शालेय नेत्र स्वास्थ्य परीक्षण योजना के तहत क्षेत्र के बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों की जिंदगी में रोशनी ला चुके हैं। उन्होंने अंधत्व के शिकार बच्चों का इलाज एवं ऑपरेशन करा कर उन्हें उनकी जिंदगी में नई खुशियां भर दी है। इसके लिए इन बच्चों के माता-पिता सहित और भी बड़े बुजुर्ग उन्हें दिल से दुआएं देते हैं।

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चो के नेत्र जाँच और चश्मा जाँच प्रति वर्ष शिक्षा विभाग में मिडिल स्कुल 6वीं, 7वीं व 8वीं के छात्र-छात्राओं का किया जाता हैं। जिसे शालेय नेत्र स्वास्थ्य परीक्षण कहा जाता हैं। यह कार्यक्रम पुरे राज्य में चलाया जाता हैं। इस कार्यक्रम को पूरा करने कि जिम्मेदारी प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ केंद्र के नेत्र सहायक अधिकारी की होती हैं। शालेय नेत्र स्वास्थ्य परीक्षण शास. पूर्व माध्य. शाला गैंदाटोला में एक ऐसा मामला सामने आया है।



जिसे देखकर और सुनकर सब आँचभित हो गए। किसी को भी एक बार भरोसा करने के लिए सोचना पढ़ रहा था। मामला हैं नन्ही परी, छोटी सी बच्ची वेदिका सेन 6 वीं कक्षा की। आँख जांच के दौरान बाएँ आँख से बच्ची को पढ़ने, देखने में असुविधा हो रही थी। ज़ब जाँच को आगे बढ़ाया गया तो 1 मीटर से ऊँगली को गिनने में भी असमर्थ थी। पूरी जाँच होने के बाद पता चला की वेदिका को जन्मजात मोतियाबिंद हैं। छात्रा और उनके परिवार को इसका पता ही नहीं था। पता चलते ही छात्रा और पुरे परिवार सदमे में आ गए। क्योंकि उन्हें कभी मालूम ही नहीं चला। जबकि दूसरे आँख का विजन एकदम सही हैं। शाला के प्रभारी प्रधान पाठक श्री नीलकंठ साहरे सर,शिक्षक श्री तोमन लाल साहू सर,श्री भुनेश्वर साहू सर,श्रीमति दुर्गा सोनी मैडम के सहयोग से छात्रा के अभिभावक से बात कर समझाइस दी गयी। और उन्हें 19 सितंबर 2024 को गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल पेण्ड्री राजनांदगाव एडमिट किया गया। जहाँ सभी जाँच करने के उपरांत 21 सितंबर 2024 को मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। सुचना मिलने तक छोटी बच्ची - वेदिका पूरी तरह ठीक हैं। ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा। माता पिता और परिवार के लोग मुकेश कुमार साहू नेत्र सहायक अधिकारी की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। क्षेत्र में हर तरफ इनके काम के चर्चे हैं। लोग अपने बीच में ऐसे आँख का डॉक्टर पाकर बहुत खुश हैं।स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग मिलकर वानंचल गैंदाटोला क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं।

> मैं अपना काम कर रहा हूँ। सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर पहुंचना ही मेरा काम है। मैं चाहता हूँ की क्षेत्र के लोगों को सही समय पर,सही और उचित उपचार मिल सके।
>
> **मुकेश कुमार साहू , नेत्र सहायक अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र - गैंदाटोला**

> मुकेश साहू ने मेरी पुत्री वेदिका सेन का कुछ दिन पहले टेस्ट किया था। जिसमें पता चला कि वह मोतियाबिंद के शिकार है। उसी के माध्यम से मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में बच्ची को 5 दिन तक भर्ती कराया गया था। जहां ऑपरेशन होने पर आंखों की रोशनी वापस आ गई और आज छुट्टी होकर हम अपने निवास स्थान गैंदाटोला पहुंच गए हैं। और यह सब हो पाया है। मुकेश कुमार साहू के वजह से मेरी बच्ची की आंखों की रोशनी लाने में उनका सराहनीय योगदान है।
>
> **अरुण सेन पालक, गैंदाटोला**

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com